Serving Education for Last 40 Years

NEERAJ®

# समाचार पत्र और फीचर लेखन

## ( Newspaper and Feature Writing )

# B.H.D.G.-173

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

**C.B.C.S. (Choice Based Credit System) Syllabus of**

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Vaishali Gupta*

NEERAJ
PUBLICATIONS
(Publishers of Educational Books)

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 280/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

Content

# समाचार पत्र और फीचर लेखन

## ( Newspaper and Feature Writing )

Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1-3
Question Paper—December-2022 (Solved) ........ 1-6
Question Paper—Exam Held in July-2022 (Solved) ........ 1-3
Sample Question Paper–1 (Solved) ........ 1-2
Sample Question Paper–2 (Solved) ........ 1-2

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|

**समाचार पत्र और फीचर लेखन (Newspaper and Feature Writing)**

1. समाचार पत्रों की दुनिया ( The World of Newspapers ) ........ 1
2. समाचार पत्र के लिए लेखन की पद्धतियां ........ 9
   ( The Methods of Writing for Newspapers )
3. संपादकीय पृष्ठ के लिए लेखन ( The Writing for Editorial Page ) ........ 18
4. समाचार संकलन, लेखन और संपादन ........ 27
   ( News, Compilation, Writing and Editing )
5. फीचर लेखन की विशेषताएं ( Features of Feature Writing ) ........ 35

**विभिन्न क्षेत्रों में और विशिष्ट विषयों पर फीचर लेखन**
**(Feature Writing in Different Areas and on Specific Topics)**

6. यात्रा लेखन : विषय का चयन और प्रस्तुति ........ 41
   ( Travels Writing : Selection and Presentation of Topic )
7. सामाजिक और सांस्कृतिक फीचर लेखन : विषय का चयन और प्रस्तुति ........ 48
   ( Social and Cultural Feature Writing: Selection and Presentation of Topic )

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|
| 8. | आर्थिक फीचर : विषय का चयन और प्रस्तुति<br>( Economic Feature: Selection and Presentation of Topic ) | 57 |
| 9. | विज्ञान, पर्यावरण और स्वास्थ्य संबंधी फीचर : विषय का चयन और प्रस्तुति<br>( Science, Environment and Health Related Feature:<br>Selection and Presentation of Topic ) | 64 |
| 10. | खेलकूद में फीचर : विषय का चयन और प्रस्तुति<br>( Feature in Sports : Selection and Presentation of Topic ) | 73 |
| 11. | समुदाय संबंधी फीचर : विषय का चयन और प्रस्तुति<br>( The Community Features: Selection and Presentation of Topic ) | 81 |
| | **विशिष्ट वर्गों के लिए लेखन ( Writing for Specific Sections )** | |
| 12. | महिलाओं के सम्बन्ध में लेखन ( Writing on Women ) | 87 |
| 13. | बच्चों के संबंध में लेखन ( Writing on Childern ) | 93 |
| 14. | किशोर, युवा और बुजुर्ग वर्ग के लिए लेखन<br>( Writing for Teens, Young and Old Class ) | 99 |
| 15. | शहरी वर्ग के लिए लेखन ( Writing for Urban Class ) | 104 |
| 16. | ग्रामीण वर्ग के लिए लेखन ( Writing for Rural Class ) | 110 |
| | **साहित्यिक लेखन, साक्षात्कार और व्यक्ति-चित्र**<br>**( Literary Writing, Interviews and Personal Images )** | |
| 17. | पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं की समीक्षा<br>( Review of Journals, Books and Papers ) | 116 |
| 18. | नाट्य प्रस्तुतियों, फिल्मों और कला प्रदर्शनियों की समीक्षा<br>( Review of Theatrical Production, Films and Art Exhibitions ) | 121 |
| 19. | साक्षात्कार : तैयारी, संपादन और संयोजन<br>( Interview: Preparation, Editing and Composition ) | 127 |
| 20. | व्यक्ति-चित्र ( Profiles ) | 134 |

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS

www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## समाचार पत्र और फीचर लेखन

**(Newspaper and Feature Writing)**

**B.H.D.G.-173**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**प्रश्न 1. फीचर का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके विभिन्न पक्षों का परिचय दीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-3, 'फीचर', अध्याय-4, पृष्ठ-40, प्रश्न 2, पृष्ठ-39, प्रश्न 1

**प्रश्न 2. समाचार का तात्पर्य स्पष्ट करते हुए समाचार संकलन के विभिन्न तरीकों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-27, 'समाचार का अर्थ', 'समाचार संकलन'

**प्रश्न 3. सांस्कृतिक फीचर का महत्त्व बताते हुए उसके प्रमुख क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-51, 'सांस्कृतिक फीचर का तात्पर्य', 'सांस्कृतिक फीचर के लिए विषय का चयन'

**प्रश्न 4. पुस्तक समीक्षा के विभिन्न पक्षों को रेखांकित कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-14, पृष्ठ-116, 'पुस्तक समीक्षा के विभिन्न पक्ष'

**प्रश्न 5. किसी ऐतिहासिक स्थल पर एक फीचर लेख तैयार कीजिए।**

**उत्तर–साँची के स्तूप–**भारत के मध्य प्रदेश राज्य की राजधानी भोपाल से 46 कि.मी. की दूरी पर उत्तर-पूर्व में स्थित है। जो रायसेन जिले के साँची शहर में बेतवा नदी के किनारे पर स्थित है। यह स्थल अपनी आकर्षित कला कृतियों के लिए विश्व विख्यात है। यूनेस्को द्वारा साँची स्तूप को 15 अक्टूबर 1982 को विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया था। साँची स्तूप को मौर्य राजवंश के सम्राट अशोक की आज्ञानुसार तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में स्थापित किया गया था।

अध्यात्म, कला और इतिहास में रुचि रखने वाले लोगों को साँची हमेशा आमंत्रित करती रही है। महात्मा बुद्ध के अनुयायी सम्राट अशोक ने जिन शांति स्थलों का निर्माण और विकास किया था, साँची उनमें से विश्व क्षितिज पर सबसे ऊपर है। ऊपर पहाड़ी पर बने स्तूप तत्कालीन समय की कलात्मकता, उन्नत शिल्प और शांति के जीवंत उदाहरण हैं। साँची पहुँचने के बाद स्तूपों की चढ़ाई के साथ ही अनुभव हुआ कि शांति अगर कहीं बसती है, तो इस छोटी-सी बस्ती में। गुलाबी धूप, खुशनुमा मौसम और आस-पास की हरियाली देखकर लगा कि महात्मा बुद्ध के संदेशों को प्रसारित करने के लिए सम्राट अशोक का इस जगह का चुनाव बहुत उपयुक्त था। पत्थरों का कलात्मक निर्माण, वास्तुकला और शिल्पकला की दृष्टि से साँची का स्तूप बहुत अनुपम है। स्तूप के शिलालेख पर उन सभी लोगों के नाम अंकित हैं, जिन्होंने वेदिकाओं और भूतल निर्माण में सहयोग दिया था। स्तूप की एक दीवार में बनी खंभों वाली छतरी के नीचे महात्मा बुद्ध की ध्यानस्थ चार मूर्तियाँ बनी हुई हैं। पहाड़ी की तलहटी में बना दूसरा स्तूप मूलत: एक चबूतरे पर बना है। शिलालेख से ज्ञात हुआ कि उस वृत्ताकार स्तूप का निर्माण ईसा पूर्व दूसरी शताब्दी के अंतिम चरण में हुआ था। इसमें अंकित फूल, पत्ती, पशु, पक्षी, नाग, मानव और किन्नरों के चित्र भी बोलते प्रतीत हुए। इन भित्तिचित्रों का बुद्ध के दर्शन और जातक कथाओं से घनिष्ठ संबंध है। हमने तीसरे स्तूप की परिक्रमा भी की और पाया कि यह दूसरे स्तूप के समान ही है। सभी स्तूपों को नक्काशी द्वारा चारों ओर से सजाया गया है। यह बौद्ध भिक्षुओं के विभिन्न कलात्मक कार्यों का एक अद्भुत प्रमाण दर्शाता है।

**प्रश्न 6. अपने प्रिय खिलाड़ी का व्यक्ति-चित्र तैयार कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-20, पृष्ठ-139, प्रश्न 4

**प्रश्न 7. किसी प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता से साक्षात्कार के दौरान पूछने के लिए बीस प्रश्नों की सूची तैयार कीजिए।**

**उत्तर–**सामाजिक कार्यकर्ता से पूछे जाने वाले प्रश्न इस प्रकार होंगे–

1. आपको सामाजिक कार्य करने के प्रेरणा कहाँ से प्राप्त हुई?
2. आप अपने कार्य एवं व्यक्तिगत जीवन में किस प्रकार संतुलन स्थापित करते हैं?
3. सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में क्या आपने कभी नैतिक संघर्ष का सामना किया है? आपने इस परिस्थिति का कैसे सामना किया?
4. आप किस कार्य को सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं?

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



5. क्या आप अपने कार्यों में किसी राजनैतिक महत्वकांक्षा को देखते हैं?

6. सामाजिक कार्यों में आपकी क्या रुचि है? आपने यह करियर क्यों चुना?

7. अपने पिछले कार्य अनुभव पर चर्चा करें और यह इस भूमिका से कैसे संबंधित है?

8. आप अपनी सतत शिक्षा आवश्यकताओं को कैसे पूरा करते हैं?

9. आपको उन लोगों के साथ काम करने का कितना अनुभव है, जिनकी संस्कृति, नस्ल या यौन रुझान आपसे अलग है?

10. आप उस जनसंख्या के बारे में क्या जानते हैं, जिसकी हम सेवा करते हैं? इस आबादी के साथ काम करने में आपकी क्या रुचि है?

11. मान लीजिए कि आप ऐसे समुदाय में काम कर रहे हैं जो आपके लिए नया है। आप अपने ग्राहकों के लिए सामुदायिक संसाधन कैसे ढूंढेंगे?

12. अपने क्षेत्र कार्य में एक प्रमुख उपलब्धि का वर्णन करें।

13. निराशाजनक फील्डवर्क अनुभव के बारे में बात करें और आपने इसे कैसे संभाला?

14. मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन में आप कौन-सी जानकारी शामिल करेंगे?

15. केस रिकॉर्डिंग के प्रति आपका दृष्टिकोण क्या है? आप अपने दस्तावेजीकरण कौशल में सुधार कैसे जारी रखेंगे?

16. आप अपने सक्रिय श्रवण कौशल का मूल्यांकन कैसे करेंगे?

17. उस समय का वर्णन करें जब आपने एक कठिन ग्राहक के साथ काम किया था। आपने प्रतिसंक्रमण को कैसे संभाला?

18. यदि आपका कोई ग्राहक आपके प्रति आक्रामक व्यवहार करने लगे तो आप क्या करेंगे?

19. अपने अधिक जटिल मामलों में से एक का वर्णन करें। इस मामले में आपकी क्या भूमिका थी?

20. एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में, क्या आपको कभी किसी नैतिक संघर्ष का सामना करना पड़ा है? आप उसे कैसे संभालते हैं?

21. क्या आप कभी किसी उपचार योजना के बारे में किसी सहकर्मी से असहमत हुए हैं? आपने असहमति का समाधान कैसे किया?

**प्रश्न 8. बच्चों के लिए लिखे जाने वाले फीचर की विशेषताएँ बताइए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-13, पृष्ठ 93, 'बच्चों के प्रति दृष्टिकोण', पृष्ठ 94, 'विषय का चयन', पृष्ठ 96, 'फीचर का लेखन'

**प्रश्न 9. नदियों के बढ़ते प्रदूषण के सम्बन्ध में एक फीचर लेख तैयार कीजिए।**

**उत्तर**–नदी जल प्रदूषण से हमारा तात्पर्य घरों से निकलने वाला कूड़ा-कचरा, उद्योगों से निकलने वाले रासायनिक अपशिष्टों, नदी में चलने वाले वाहन के अपशिष्टों एवं उनके रासायनिक रिसाव आदि का जल में मिलकर उसको दूषित करने से है। नदियों के दूषित जल में आक्सीजन की कमी हो जाती है, जिसके कारण यह जलीय जीवों के साथ-साथ जैव विविधता के लिए भी अत्यधिक घातक सिद्ध होता है। इसमें उपस्थित विभिन्न औद्योगिक रसायन सिंचाई के माध्यम से कृषि भूमि की उर्वरा क्षमता को भी घटा देते हैं।

नदी प्रदूषण के लिए वर्तमान समय में निम्नलिखित कारक उत्तरदायी हैं–

1. घरों से निकलने वाला गंदा पानी छोटी-छोटी नालियों के सहारे नालों में जाकर मिलता है और ये नाले घरों का सारा गंदा पानी इकट्ठा करके नदियों में गिरा देते हैं।

2. उद्योगों से निकलने वाले कूड़े-कचरे एवं रासायनिक अपशिष्टों का निपटारा भी इन्हीं नदियों में ही किया जाता है।

3. अम्लीय वर्षा, पर्यावरण प्रदूषण के कारण जब वायुमण्डल में सल्फर डाइआक्साइड ($SO_2$) तथा नाइट्रोजन डाइआक्साइड ($NO_2$) की मात्रा बढ़ जाती है, तो ये वायुमण्डल में उपस्थित जल कि बूंदों के साथ अभिक्रिया करके अम्ल का निर्माण करती है तथा वर्षा के बूंदों के साथ धरातल पर गिरती है और नदी तथा झीलों आदि के जल को प्रदूषित कर देती है।

**नदियों को प्रदूषित होने से बचाने के उपाय**–नदियों को प्रदूषित होने से बचाने के लिए निम्नलिखित उपाय किये जाने चाहिए–

1. कृषि, घरों, तथा उद्योगों के बेकार पानी को एकत्रित करके उनके पुनरुपयोग को बढ़ावा देना चाहिए।

2. वायु प्रदूषण को नियंत्रित करके अम्ल वर्षा में कमी लाई जा सकती है, जिसके फलस्वरूप नदी प्रदूषण में भी कमी आयेगी।

3. उद्योगों का निर्माण उचित स्थान पर तथा उनके अपशिष्टों के लिए उचित प्रबंध होना चाहिए।

**निष्कर्ष**–नदियों का समस्त जीवित प्राणियों के जीवन में अपना एक महत्व है। मानव इसके जल का उपयोग सिंचाई एवं विद्युत उत्पादन में, पशु-पक्षी इसके जल का उपयोग पीने में तथा जलीय जीव इसका उपयोग अपने आवास आदि के रूप में करते हैं, परन्तु वर्तमान समय में नदियों के जल को प्रदूषित होने से इसका उपयोग करने वाले जीवों के जीवन में काफी बदलाव आया है, जैसे–सिंचाई से भूमि की उर्वरा क्षमता में ह्रास एवं इसके उपयोग से बीमारियों में वृद्धि आदि। नदियों की उपयोगिता को देखते हुए अगर कोई उचित कदम नहीं उठाया गया, तो इनका बढ़ता प्रदूषण मानव सभ्यता पर बिजली बनकर गिरेगा और सब कुछ जलाकर राख कर देगा।

**प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए–**

**(क) मातृभाषा में शिक्षा**

**उत्तर**–जिन देशों की मातृभाषा और राष्ट्रभाषा एक ही है और वही वहाँ की शिक्षा का माध्यम है उन देशों में शिक्षा की प्रगति बहुत

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



तेजी से हुई है और उन देशों ने अपना विकास भी तेजी से किया है। अतः किसी भी देश में किसी भी स्तर की शिक्षा का माध्यम मातृभाषा को ही बनाया जाना चाहिए। और जहाँ एक से अधिक समृद्ध भाषाएँ हो, वहाँ राष्ट्रभाषा को मातृभाषा को ही शिक्षा का माध्यम बनाने के पीछे निम्नलिखित तथ्य हैं–

1. मातृभाषा अभिव्यक्ति एवं विचार-विनिमय का सरलतम साधन होती है और इस पर बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार होता है। इसके माध्यम से अध्ययन अध्यापन की क्रिया बड़े सरल और सहज रूप में चलती है।

2. मातृभाषा और विचार में अटूट सम्बन्ध होता है। प्रत्येक बच्चा अपनी मातृभाषा में ही विचार करता है और उसी के माध्यम से विचार-विनिमय करता है।

3. मातृभाषा के माध्यम से अध्ययन करते समय बच्चों को स्वतन्त्र चिन्तन और स्वतन्त्र अभिव्यक्ति के अवसर मिलते हैं, उनके स्वतन्त्र व्यक्तित्व का विकास होता है, उनके व्यष्टित्त्व का विकास होता है।

4. मातृभाषा के माध्यम से ही बच्चे सामाजिक व्यवहार करते हैं और उसी के माध्यम से सामाजिक अन्तः क्रिया करते हैं। शिक्षण प्रक्रिया में सामाजिक व्यवहार एवं सामाजिक अन्तः क्रिया दोनों का बड़ा महत्त्व होता है, इसलिए शिक्षा का माध्यम मातृभाषा ही होनी चाहिए।

5. अपनी मातृभाषा के प्रति बच्चों में एक आदर-भाव होता है, माता और मातृभूमि के समान के मातृभाषा भी वन्दनीय होती है, उसके स्थान पर किसी अन्य भाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने से बच्चों की भावना पर कुठाराघात होता है।

6. मातृभाषा के साहित्य में जाति विशेष का इतिहास एवं संस्कृति छिपी होती है, बच्चों पर प्रारम्भ से ही उसके अमिट संस्कार होते हैं। मातृभाषा किसी समाज की संस्कृति का अंग होती है, कोई व्यक्ति उसके बिना समूह का सदस्य नहीं बन सकता।

7. जब मातृभाषा शिक्षा का माध्यम होती है तो बच्चों को उसका प्रयोग बहुत अधिक करना पड़ता है। प्रयोग और अभ्यास से उन्हें अपनी मातृभाषा पर अधिकार होना स्वाभाविक है। और तब व्यक्ति एवं समाज के विकास को गति मिलना भी स्वाभाविक है। व्यक्ति और समाज, दोनों के विकास के लिए मातृभाषा को ही शिक्षा का माध्यम बनाना चाहिए।

**( ख ) रंगमंच की समीक्षा**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-18, पृष्ठ-122, 'रंगकर्म : आवश्यक पृष्ठभूमि', 'रंगमंच पर समीक्षा की विशेषताएं'

**( ग ) सम्पादकीय पृष्ठ का महत्त्व**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-22, प्रश्न 1

**( घ ) बदलते गाँव**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-16, पृष्ठ-114, प्रश्न 1, प्रश्न 2

■■

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

www.neerajbooks.com

# समाचार पत्र और फीचर लेखन
## ( Newspaper and Feature Writing )

समाचार पत्र और फीचर लेखन
(Newspaper and Feature Writing )

# समाचार पत्रों की दुनिया
## ( The World of Newspapers )

1

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

### परिचय

हम जिस समाज, देश, दुनिया में रहते हैं, उससे अवगत रहना जरूरी होता है। हर व्यक्ति यह जानना चाहता है कि उसके आस-पास क्या चल रहा है। देश-दुनिया की घटनाओं, राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक हलचलों के बारे में जानने के लिए हर व्यक्ति उत्सुक रहता है। सामाजिक घटनाएं समाज व व्यक्तियों से संबंधित होती हैं, जिनका प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उस पर असर होता है। बहुत सारी ऐसी खबरें होती हैं, जिनको पढ़कर लोग अपने भविष्य के प्रति सचेत होते हैं। हालांकि आज के युग में टेलीविजन व इंटरनेट अधिक प्रचलित हो गया है, जिन पर हर प्रकार के समाचार किसी भी समय सुने जा सकते हैं, किंतु फिर भी अखबार समाचारों के लिए इनमें सबसे महत्त्वपूर्ण व सशक्त माध्यम है, क्योंकि जितने विस्तार से खबरों को अखबार द्वारा प्रस्तुत किया जाता है, उतना दूसरे माध्यमों से संभव नहीं है। अखबार न केवल खबरों का माध्यम है, अपितु इसमें और भी बहुत-सी दिलचस्प सामग्रियाँ होती हैं। कभी-कभी हम यह भी जानने के लिए उत्सुक होते हैं कि अखबारों की शुरुआत कैसे हुई? इसमें छपने वाली खबरें तथा दिलचस्प सामग्रियां कौन और कैसे एकत्रित करता है। इस अध्याय के माध्यम से कुछ ऐसी ही पहेलियों को सुलझाने का प्रयास किया गया है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### संचार माध्यमों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

सर्वप्रथम समाचार पत्रों की आवश्यकता अंग्रेजी शासन के समय में पड़ी, जब इस माध्यम से लोगों में जागरूकता पैदा की गई। समाचार पत्रों के माध्यम से लोगों के मन में अपनी संस्कृति, अपने समाज की परंपरा के प्रति जागरूकता पैदा करना ही इनका उद्देश्य था। यही कारण था कि अंग्रेजी शासकों ने अनेक मौकों पर समाचार पत्रों पर पाबंदी लगाई। लेकिन इन पाबंदियों ने लोगों को और अधिक उत्साहित किया। 29 जनवरी, 1780 को बंगाल गजट नामक पहला पत्र निकला, किंतु लॉर्ड वेलेजली ने समाचार पत्रों पर प्रतिबंध लगा दिया, जिससे भारतीय पत्रकारिता का लोप होने लगा। 1818 में लॉर्ड हेस्टिंग्स जब भारत आये, तो उन्होंने इस प्रतिबंध को हटाया जिससे अंग्रेजी, हिंदी और बंग्ला भाषा में पत्र निकलने शुरू हो गए। 1819 में 'संवाद कौमुदी' नामक पत्र का प्रकाशन शुरू हुआ, जो सबसे शक्तिशाली बनकर उभरी। किंतु 1823 में सर एडम्स गवर्नर जनरल बनने पर ईस्ट इंडिया कंपनी की अनुमति पर यह नियम लागू किया गया कि कोई भी अखबार सरकार की अनुमति के बिना प्रकाशित नहीं किया जा सकता और प्रेस भी

www.neerajbooks.com



नहीं लगाई जा सकती। इस नियम के कारण सभी महत्त्वपूर्ण अखबार एक-एक करके बंद होने लगे।

परंतु इस सबके बावजूद भी युगल किशोर (शुक्ल) ने हिन्दी का पहला पत्र 'उदंत मार्तंड' का प्रकाशन शुरू किया, किंतु प्रोत्साहन न मिलने के कारण 11 दिसंबर, 1827 को यह बंद हो गया। इसके बाद दूसरा पत्र निकला जो हिंदी, बांग्ला और फारसी तीनों भाषाओं में निकलता था। इसका नाम बंगदूत था, किंतु यह भी केवल एक वर्ष बाद ही बंद हो गया। 1845 में उत्तर-प्रदेश से हिंदी का पहला अखबार प्रारम्भ हुआ। इसके साथ ही 'बनारस गजट' नाम से उर्दू का अखबार भी निकलता था। बनारस से ही 1850 में हिंदी का दूसरा पत्र 'सुधाकर' शुरू हुआ। भाषा और विषय-वस्तु की दृष्टि से यह इतना अधिक लोकप्रिय था कि सरकार इसे ग्रामीण स्कूलों में बाँटने के लिए खरीदती थी। यह अखबार शैक्षिक उपकरण व लाभकारी सूचना प्रसारण के रूप में देखा जाने लगा। अंग्रेजी शासन के प्रतिबंधों के बावजूद देश में प्रकाशन का कार्य पनपता रहा और आजादी की लड़ाई में पत्र-पत्रिकाओं ने समाज में जागरूकता पैदा की। आजादी के बाद पत्र-पत्रिकाओं का स्वरूप बदला, किंतु आज भी समाज या देश में आवाज उठाने के लिए सर्वप्रथम समाचार-पत्र या दूसरे संचार माध्यमों का सहारा ही लिया जाता है।

इसके बाद समय में परिवर्तन हुआ और धीरे-धीरे रेडियो व टेलीविजन का प्रसार हुआ, जो दिन-प्रतिदिन नए शिखर पर पहुँचता रहा और आज के युग में यहाँ तक पहुँच गया कि समाचारों का चौबीसों घंटे और पल-पल प्रसारण शुरू हो गया है।

## अखबार का स्वरूप

अखबार में केवल समाचार ही नहीं छपते, बल्कि इसमें अनेक ज्ञानवर्द्धक, जानकारीपूर्ण सूचनाएं व संदेश भी प्रकाशित होते हैं, जो हर व्यक्ति के लिए महत्त्वपूर्ण होते हैं। हालांकि ये सब सूचनाएं टेलीविजन पर भी प्रसारित होती हैं, लेकिन उसमें व्यक्ति अपने मनोरंजक कार्यक्रमों को देखने में अधिक व्यस्त हैं, जबकि समाचार पत्र में हर जानकारी के लिए स्थान निश्चित होता है, जिससे नियमित रूप से अखबार पढ़ने वाले व्यक्ति अखबार से जानकारी आसानी से ले लेते हैं।

## अखबार के अंग

हर अखबार में कुछ चीजें अनिवार्य रूप से प्रकाशित होती हैं, जिन्हें अखबार के। अंग कहते हैं। इसमें समाचार, संपादकीय, फोटो, फीचर, लेख, कार्टून, ग्राफिक, विज्ञापन आदि शामिल हैं। इसके अलावा अखबार के अनिवार्य अंग हैं–मास्टहेड विंडोज, प्रिंटलाइन। अखबार के विभिन्न अंगों को रेखांकन के माध्यम से आसानी से समझ सकते हैं-

**समाचार पत्र**

- मास्टहेड
- संपादकीय
- फीचर साक्षात्कार
- ग्राफिक्स पत्र
- प्रिंट लाईन
- समाचार
- फोटो
- लेख
- कार्टून
- विज्ञापन
- मौसम और बाजार भाव

हर अखबार में ये चीजें अपने-अपने तरीके से सजी होती हैं। आइये, इन अंगों को विस्तार से जानें।

**मास्टहेड और विंडोज–**पहले पृष्ठ पर अखबार का नाम जो मोटे अक्षरों में लिखा होता है, उसे मास्टहेड कहते हैं। कई अखबारों में मास्टहेड के साथ कोई प्रतीक चिह्न भी छपा होता है, जैसे 'राष्ट्रीय सहारा' के नाम के साथ तिरंगा छपा होता है। मास्टहेड के नीचे कुछ चित्रों के साथ प्रमुख खबरों की सूचना प्रकाशित होती हैं, जिसे विंडोज कहते हैं। इसके माध्यम से अखबार के अंदर पन्नों पर प्रकाशित होने वाली प्रमुख खबरों की जानकारी मिल जाती है।

**समाचार–**समाचारों का संकलन एक कठिन कार्य है, क्योंकि समाचार का क्षेत्र बहुत बड़ा है। समाज और जीवन में घटित होने वाली सभी घटनाएं समाचार होती हैं, किन्तु इन सभी घटनाओं को अखबार में नहीं छापा जा सकता, केवल महत्त्वपूर्ण या जरूरी खबरों को ही अखबार में छापा जाता है। इसके लिए वे विशेष संवाददाताओं, नगर संवाददाताओं, अंशकालिक संवाददाताओं, समाचार एजेंसियों विज्ञप्तियों आदि का सहारा लेते हैं। समाचार को अखबारों में उनकी प्रकृति और क्षेत्र के अनुरूप अलग-अलग श्रेणियों में बाँटा जाता है तथा उसी के आधार पर उन्हें अलग-अलग पृष्ठों और स्थान पर छापा जाता है। समाचारों को मुख्य तौर पर निम्नलिखित रूपों में वर्गीकृत किया जाता है–

**समाचार**

| | | |
|---|---|---|
| राजनीतिक | सामाजिक व्यापार/अर्थजगत | खेल |
| राष्ट्रीय | अंतर्राष्ट्रीय | स्थानीय |

**विविध समाचार**

● साहित्य ● संस्कृति ● विज्ञान ● पर्यावरण ● अन्य

समाचारों का स्थान इसी आधार पर निर्धारित किया जाता है। अखबार में समाचार देते समय पाठकों की रुचि का ध्यान भी रखा जाता है। ज्यादातर लोग बड़ी खबरें पहले देखना चाहते हैं। इसके अनुसार राजनीतिक, राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों से जुड़ी खबरों को पहले पन्ने पर तथा अर्थ जगत, व्यापार और खेल की खबरों को प्राय: अंत के तीन-चार पन्नों पर दिया जाता है। महानगरों का एक बड़ा वर्ग सांस्कृतिक गतिविधियों, फैशन,

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



खानपान आदि में रुचि रखता है। अतः ऐसी हलचलों की सूचना महानगरों के अखबारों में मिलती हैं। कई अखबार यह परिशिष्ट रोज निकालते हैं, तो कुछ के दिन निर्धारित हैं। अखबारों को प्रस्तुत करते समय इस बात का ध्यान रखा जाता है कि पाठक कम समय में सभी महत्त्वपूर्ण खबरों पर नजर डाल सकें। खबरों के प्रमुख अंग इस प्रकार हैं–

**समाचार**

मुख्य शीर्षक  उपशीर्षक  समाचार स्रोत  इंट्रो
ब्यौरा  बॉक्स मैटर

इन अंगों को इस प्रकार से भी समझ सकते हैं-

**समाचार**

**मुख्य शीर्षक**–मुख्य शीर्षक को लिखते समय यह ध्यान रखा जाता है कि इससे खबर का सार पता चले।

**उपशीर्षक**–उपशीर्षक का उद्देश्य मुख्य शीर्षक की बातों को संक्षेप में विस्तार से बताना है, जिससे समाचार के मुख्य बिंदुओं को बताया जा सके।

**समाचार स्रोत**–इससे पाठकों को यह पता चल सके कि खबर किस माध्यम से आई है।

**इंट्रो**–इंट्रो में समाचार की मुख्य बातें या कह सकते हैं कि समाचार की जानकारी दी जाती है।

**ब्योरा**–इसमें समाचार की घटनाओं को विस्तार से बताया जाता है।

**बॉक्स मैटर**–इसमें मुख्य समाचार से जुड़ी आनुषंगिक घटनाओं, प्रसंगों, बातों का उल्लेख किया जाता है।

**संपादकीय**–संपादकीय से किसी भी घटना या फैसले पर अखबार के विचार पता चलते हैं। आमतौर पर संपादकीय टिप्पणियाँ समसामयिक घटनाओं या सरकार के फैसलों, नीतियों आदि पर अखबार की प्रतिक्रिया होती है। संपादकीय संपादक या उनकी ओर से सहायक संपादक लिखते हैं। अपने विचार व्यक्त करने के लिए ये लेख बाहर के लोग भी लिख सकते हैं।

**फोटो**–अखबारों, पत्रिकाओं में फोटो का प्रयोग केवल साज-सज्जा के लिए नहीं होता, अपितु यह बहुत-से महत्त्वपूर्ण तथ्यों, घटनाओं को प्रस्तुत करती हैं। एक कहावत है कि एक अच्छी तस्वीर हजार शब्दों के समान होती है। किसी घटना से संबंधित तस्वीर को देखकर हमारी जिज्ञासा उसी प्रकार बढ़ती है, जैसे किसी समाचार को पढ़ने के पश्चात बढ़ती है। चूंकि फोटो पत्रकारिता का महत्त्वपूर्ण भाग है अतः एक फोटोग्राफर को संवाददाता की तरह ही सजग रहना पड़ता है और जोखिम उठाकर भी घटना की तस्वीरें लेनी पड़ती हैं। समाचार पत्रों की तुलना में इलैक्ट्रॉनिक माध्यम में तस्वीरों का अधिक महत्त्व होता है। अखबार में समाचार लिखित रूप में होने के कारण उसमें तस्वीरों की अधिक गुंजाइश नहीं होती, किंतु यदि फोटोग्राफर संजीदगी से और सभी पक्षों को ध्यान में रखकर फोटो खींचता है, तो इस प्रकार की तस्वीर का प्रभाव इलैक्ट्रॉनिक मीडिया की चित्र श्रृंखला से कहीं अधिक होता है। जो अखबार अधिक पन्नों के होते हैं, वे अपने अखबार में चित्र श्रृंखला के रूप में तस्वीरें छापते हैं, जिसे फोटो फीचर कहा जाता है। जैसे भूकंपों में हुई त्रासदी की तस्वीरें, या अभी हाल में गैंगरेप के विरुद्ध हुए आंदोलन की तस्वीरें जो जनता को झकझोर देती हैं। फोटो संकलन के लिए अखबार विभिन्न देशी-विदेशी समाचार एजेंसियों से भी मदद लेते हैं।

**फीचर**–फीचर भी प्रकृति से लेख ही होते हैं, किंतु यह मनोरंजक, ज्ञानवर्धक, जागरूकता पैदा करने के मकसद से लिखे जाते हैं, इसलिए इनके लेखन की शैली संपादकीय पृष्ठ के लेखों से भिन्न होती है। इनकी भाषा में रवानगी, काव्यमयता तथा कभी-कभी नाटकीयता और चित्रात्मकता का पुट भी होता है। फीचर परिशिष्ट पहले ज्यादातर रविवार के दिन प्रकाशित हुआ करता था। किंतु अब प्रतिदिन किसी न किसी क्षेत्र से संबंधित फीचर प्रकाशित होता है। इसके अलावा शिक्षा, कैरियर, विज्ञान, स्वास्थ्य, रहन-सहन, बदलती जीवन-शैली, फैशन, युवा वर्ग, गृह सज्जा, साहित्य-संस्कृति, खेल, राजनीति आदि से संबंधित फीचर अलग-अलग दिन अपने निर्धारित समय पर निकलते हैं। फीचर का उद्देश्य लोगों में जागरूकता पैदा करना, सूचनाएं देना और मनोरंजन प्रदान करना है।

**साक्षात्कार**–साक्षात्कार का अर्थ है किसी विशेष मुद्दे पर किसी व्यक्ति से बातचीत करना। समाचारों के बीच में संबधित घटना की पुष्टि के लिए बातचीत करनी पड़ती है, ताकि महत्त्वपूर्ण पक्षों को उजागर किया जा सके। साक्षात्कार कई प्रकार के हो सकते हैं। किसी घटना के सबंध में जानकारी के लिए की गई बातचीत को हम साक्षात्कार नहीं कह सकते। साक्षात्कार एक स्वतंत्र विधा है। इसमें मुख्य हैं–मुद्दों, विषय-वस्तु पर आधारित साक्षात्कार, किसी प्रसिद्ध व्यक्ति से उसके जीवन और योगदान के बारे में साक्षात्कार। साक्षात्कार प्रायः स्वतंत्र रूप से प्रकाशित किये जाते हैं।

**कार्टून**–कार्टून का अर्थ है–व्यंग्य चित्र। यह बहुत खूबसूरत कला है, जिसमें ऐसी तीखी बात कही जाती है, जो पूरे लेख या संपादकीय टिप्पणी में नहीं कही जाती। अखबारों में प्रकाशित होने वाले कार्टून मुख्य तौर पर दो प्रकार के होते हैं–एक समाचार पर आधारित और दूसरे मनोरंजक। समाचारों पर आधारित कार्टून एक बॉक्स वाले होते हैं और आमतौर पर अखबारों के

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



मुख पृष्ठ या कभी-कभी संपादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित किये जाते हैं। कार्टून के माध्यम से कई बार बिना कुछ लिखे बड़ी से बड़ी बात कह दी जाती है। कार्टून बनाना एक कला है, जिसमें आर.के. लक्ष्मण अंग्रेजी के, राजेंद्र घोड़पकर और इरफान हिंदी के जाने-माने कार्टूनिस्ट हैं।

**ग्राफिक्स**–ग्राफिक्स सूचनाओं व चित्रों का मिला-जुला रूप होता है। इसमें सूचनाएं चित्रों के साथ दी जाती हैं। ग्राफिक्स के चित्र कैमरे द्वारा खींचे गए भी हो सकते हैं तथा कल्पना द्वारा बनाए गए भी। ग्राफिक्स के द्वारा मुख्य रूप से घटना या विषय से संबंधित सूचनाएं और आंकड़े प्रस्तुत किये जाते हैं।

**विज्ञापन**–विज्ञापन कोई विशेष जानकारी या खबर नहीं होते, परंतु फिर भी अखबारों व पत्रिकाओं में विज्ञापन भरपूर होते हैं, क्योंकि ये इनकी आय का माध्यम है। विज्ञापन एकत्र करने के लिए अखबार में कर्मचारी और एजेंट होते हैं। विज्ञापन के द्वारा किसी वस्तु, उत्पाद या योजनाओं-नीतियों-कार्यक्रमों की जानकारी लोगों तक पहुँचाना होता है। इसके लिए इन्हें आकर्षक रूप में व आकर्षक कथनों के साथ प्रस्तुत किया जाता है। विज्ञापन न केवल अखबारों की आय का साधन हैं, इससे दूसरो लोगों को भी बहुत लाभ है। विज्ञापन के जरिये लोगों को घर बैठे बहुत-सी जानकारियाँ मिल जाती हैं, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान होता है। जैसे यदि कोई पिता अपनी बेटी के लिए वर ढूंढ रहा है तो वह अखबार में प्रकाशित होने वाले विज्ञापन इसमें उनकी सहायता कर सकते हैं। ऐसी और भी बहुत-सी जानकारियाँ हमें संचार माध्यमों से मिलती हैं। विज्ञापनों का एक उद्देश्य विभिन्न समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करना भी होता है, जैसे बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए नसबंदी या गर्भ निरोधक, एड्स की रोकथाम संबंधी जागरूकता के विज्ञापन, बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी टीके, कृषि संबंधी योजनाएँ और कार्यक्रमों की घोषणाएं आदि से संबंधित विज्ञापन आदि। विज्ञापन कई प्रकार के होते हैं। कुछ विज्ञापन अखबार के पूरे पृष्ठ पर छपते हैं या श्रृंखलाबद्ध छपते हैं। इनमें बड़ी कंपनियों के उत्पाद तथा विपणन योजनाओं की जानकारी होती है। कुछ विज्ञापन आधे पेज पर या इससे छोटे होते हैं, इनमें कंपनियों के अलावा सरकार की तरफ के विज्ञापन भी होते हैं। इनमें चित्रों के साथ आकर्षक कथन भी दिये जाते हैं। इसके अलावा बहुत सारे विज्ञापन मझोले आकार के होते हैं। इनके लिए कॉलम या सैंटीमीटर के हिसाब से जगह निर्धारित की जाती है। अखबार में सबसे अधिक छपने वाले विज्ञापन वर्गीकृत विज्ञापन होते हैं, जो तीन-चार-पाँच पंक्तियों वाले होते हैं। इनमें नौकरियों से लेकर वैवाहिक विज्ञापन तक शामिल होते हैं। इनमें सूचनाएं संक्षेप में दी जाती हैं तथा चित्रों का प्रयोग नहीं किया जाता।

**पत्र**–पत्र के माध्यम से पाठकों की सहभागिता तो बढ़ती है, साथ ही संचार माध्यमों को कई दिशा-विर्देश भी प्राप्त होते हैं। इसी कारण से हर समाचार माध्यम पाठकों की प्रतिक्रियाएँ आमंत्रित करता रहता है और उन्हें प्रमुखता से प्रकाशित, प्रसारित करता है। पाठकों के लेखों का एक महत्त्वपूर्ण स्थान होता है, क्योंकि पत्रों के माध्यम से कई बार उनमें छपने वाले लेख या संपादकीय टिप्पणियों से भी अधिक महत्त्वपूर्ण बातें उभर कर सामने आ जाती हैं।

**मौसम और बाजार भाव**–अखबार हर प्रकार की जानकारी अपने पाठकों को देता है। इसमें व्यापारियों के लिए सर्राफा, मुद्रा और शेयर बाजार के भाव आढ़ती सभी को मदद मिलती है। इसी प्रकार जिनके व्यापार पर मौसम का प्रभाव होता है, उन्हें मौसम की जानकारी प्राप्त करनी होती है, जैसे किसानों को मौसम के बारे में जानना अति आवश्यक है या एक मछुआरे को समुद्री तूफान, ज्वारभाटा आदि की सूचनाएँ बहुत उपयोगी रहती हैं।

**प्रिंट लाइन**–अखबार की सभी महत्त्वपूर्ण जानकारियों के साथ हमें यह भी पता होना चाहिए कि उसका संपादक कौन है, प्रकाशक कौन है, कहाँ से प्रकाशित हुआ है? इसके फोन नम्बर क्या हैं? इसका कार्यालय कहां है? यह सारी सूचना अखबार के आखिरी पन्ने पर सबसे नीचे प्रकाशित होती है, जिसे प्रिंट लाइन कहा जाता है। पत्रिकाओं में आमतौर पर यह सूचना सूची वाले पन्ने पर प्रकाशित होती है। प्रिंट लाईन प्रकाशित करना कानूनी रूप से अनिवार्य होता है।

## समाचार माध्यमों में कामकाज

समाचार संकलन तथा संपादन का तरीका सभी समाचार माध्यमों में एक जैसा ही होता है। अखबारों में मुद्रित रूप व इलेक्ट्रॉनिक माध्यम दोनों का प्रयोग होता है। किंतु दोनों माध्यमों में समाचारों या फीचर आदि के प्रस्तुतिकरण का तरीका अलग होता है। अखबारों-पत्रिकाओं के कार्यों के लिए अलग-अलग विभाग बने होते हैं। समाचारों के संकलन के लिए संवाददाताओं का अलग विभाग होता है। इसी प्रकार समाचारों के संकलन, स्थानीय खबरों ब्यूरो, समाचार संपादन आदि के लिए अलग-अलग विभाग होते हैं। आजकल कार्य का ढांचा थोड़ा बदल गया है क्योंकि अखबारी पन्ने कम्प्यूटर पर बनने लगे हैं, जिससे काम में बहुत आसानी रहती है। समाचारों के स्थान निर्धारण, फोटो के लिए जगह बनाने और पेज बनवाने की जिम्मेदारी समाचार

www.neerajbooks.com